**Escorts Finance Limited**

15/5, Mathura Road, Faridabad -121003 (HR)
Phone : 0129-2250222, 2564222
E-mail : escortsfinance@escorts.co.in
Website : www.escortsfinance.com
CIN : L65910CH1987PLC033652

ESCORTS
FINANCE

October 29, 2021

**BSE Limited**
Phiroze Jeejeebhoy Towers,
Dalal Street,
Mumbai – 400 051
**Scrip Code – 511716**

**Sub: Newspaper publication for Unaudited Financial Results for the quarter and half year ended September 30, 2021**

Dear Sir/Madam,

Pursuant to Regulation 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, we wish to inform you that Company had published the enclosed extract of unaudited financial results for the quarter and half year ended September 30, 2021 in the newspapers i.e. Financial Express (English) and Jansatta (Hindi) dated October 28, 2021.

The above is for your kind information and records.

Thanking You,

Yours faithfully,
For **Escorts Finance Limited**

Vicky

ESCORTS FINANCE LIMITED

**Vicky Chauhan**
**Company Secretary**

**Encl: As above**

***Regd. Office :*** SCO-64-65, Third Floor, Sector-17A, Chandigarh


# मंडी लोस उपचुनाव का परिणाम तय करेगा कई दिग्गजों का राजनीतिक भविष्य

## सदर में मिली बढ़त तय करेगी सुखराम परिवार का कद

बीरबल शर्मा
मंडी, 28 अक्तूबर।

मंडी लोकसभा का दो नवंबर को आने वाला परिणाम भले ही किसी भी पक्ष में आए, मगर इसका परिणाम कुछ राजनीतिज्ञों के भविष्य का फैसला तय करेगा। कांग्रेस बनाम भाजपा में यह मुकाबला जहां श्रद्धांजलि और सेना के बीच का बताया जा रहा है परंतु मंडी के प्रतिष्ठित परिवार और पूर्व केंद्रीय मंत्री पं.सुखराम के वोट बैंक को लेकर असमंजस बरकरार है। सदर में मिलने वाली लीड बताएगी कि कि पंडित परिवार का पलड़ा किस ओर भारी हैं। जबकि, सराज से बढ़त मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर की ताकत में हुए नफा नुकसान की तस्वीर साफ कर पाएगा। इसके अलावा द्रंग से लीड पूर्व मंत्री कौल सिंह का राजनीतिक भविष्य तय करने वाली है।

ऐसा पहली बार हुआ है कि पिछले 60 वर्षों में पं.सुखराम का परिवार चुनावी मुहिम से दूर रहा हो। आश्रय शर्मा भले ही कांग्रेस उम्मीदवार प्रतिभा सिंह के साथ कुछ कार्यक्रमों में दिखे लेकिन बावजूद इसके उनकी सक्रियता नगण्य ही देखी गई। वहीं, भाजपा विधायक अनिल शर्मा भी प्रचार में नहीं उतरे। उन्होंने भाजपा और कांग्रेस पर दबाव बनाने की कोशिश कि ताकि किसी तरह कोई बड़ी जिम्मेवारी उनके परिवार को मिल जाए, लेकिन ऐसा हो न सका। उनके



बड़े ऐलान के दावे महज 'खोदा पहाड़ निकली चुहिया' ही साबित हुए। सुखराम के बड़े वोट बैंक के डर के बावजूद न तो मुख्यमंत्री न ही भाजपा ने अनिल शर्मा को प्रदेश केबिनेट में शामिल करने को लेकर हामी भरी। इसके अलावा अनिल यह भी निर्णय नहीं ले पाए कि वह और आश्रय एक दल में ही रहेंगे। प्रचार अभियान के दौरान वह पूरी तरह साईलेंट मोड में बने रहे।

वैसे भी परिवार के मंडी सदर में दबदबे के बावजूद भाजपा उम्मीदवार रामस्वरूप शर्मा यहां से 26 हजार से अधिक मतों की लीड ले गए थे। जिसके चलते सबकी नजर इस बार मंडी सदर पर टिकी है। यहां का वोट बैंक सुखराम, अनिल और आश्रय का अगला राजनीतिक भविष्य तय करेगा।

दूसरी ओर द्रंग विधानसभा में जीत हार का अंतर भी बड़ा दूरगामी परिणाम दिखाएगा। भाजपा उम्मीदवार खुशाल ठाकुर भी इसी क्षेत्र से हैं जबकि अपने को कांग्रेस के सत्ता में आने पर मुख्यमंत्री की दावेदारी में आगे खड़े कौल सिंह का भी यही क्षेत्र है। कौल सिंह यदि अपने क्षेत्र से कोई बड़ी लीड कांग्रेस को नहीं दिला पाए तो उनका दावा धरे का धरा रह सकता है। 2019 में द्रंग से भाजपा उम्मीदवार 26 हजार से अधिक की बढ़त ले गया था, अब सबकी नजरें इस क्षेत्र पर टिकी हैं।

### सराज की बढ़त से होगा जय राम की ताकत का अंदाजा!

सराज मुख्यमंत्री जय राम का गृह क्षेत्र है जहां से पिछले चुनाव में भाजपा को अब तक की सबसे अधिक बढ़त 37,147 मतों की मिली थी। इस बार मुख्यमंत्री के लिए इसे और बढ़ाना एक चुनौती है। हालांकि उन्होंने कड़ी मेहनत की और अपने क्षेत्र में भी दर्जनों जनसभाएं की हैं। यदि वह इस लीड को पार नहीं कर पाए तो निश्चित तौर पर विरोधियों के निशाने पर आ जाएंगे। कांग्रेस यहां पर जोर तो खूब लगा रही है मगर मुख्यमंत्री का जादू सराज में साफ देखा जा सकता है। ऐसे में मंडी जिले के सदर मंडी, द्रंग व सराज की बढ़त पर न केवल सबकी नजरें हैं बल्कि यहां से कई राजनीतिज्ञों का भविष्य भी तय होगा।

## मंडी विस उपचुनाव के लिए पोलिंग पार्टियां अपने-अपने गंतव्य को रवाना

शिमला, 28 अक्तूबर (जनसत्ता)।

मंडी संसदीय क्षेत्र के 30 अक्तूबर को होने वाले उपचुनाव को लेकर पोलिंग पार्टियां अपने-अपने गंतव्य को रवाना कर दी गईं हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी डीसी राणा ने बताया कि मंडी के उपमंडल भरमौर और पांगी में आज, मंगलवार को 156 पोलिंग पार्टियां अपने मतदान केंद्रों के लिए रवाना हो गई है।


उन्होंने बताया कि पांगी उपमंडल में कुल 37 मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं जिनमें 35 मुख्य मतदान केंद्र है जबकि 2 सहायक मतदान केंद्र हैं। जिसमें चस्क भाटोरी मतदान केंद्र सबसे अधिक ऊंचाई पर स्थित है। इसके अतिरिक्त लुज, माहलियत, घंगीत और रेइ संवेदनशील मतदान केन्द्रो में शामिल है। उन्होंने बताया कि उपमंडल भरमौर में कुल 119 मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं जिसमें 112 मतदान केंद्र हैं जबकि 7 सहायक मतदान केंद्र हैं।

## जुब्बल-कोटखाई से चेतन बरागटा के पक्ष में मतदान संबंधी अनुराग का वीडियो वायरल!

शिमला, 28 अक्तूबर (जनसत्ता)।

केंद्रीय सूचना व प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर का एक वीडियो जुब्बल-कोटखाई ही नहीं सभी चुनावी हलकों में वायरल कर दिया गया है। दरअसल, अनुराग ने जुब्बल-कोटखाई में एक जनसभा की थी। इस मौके पर उनसे मीडिया ने सवाल पूछे जिनके जवाब में अनुराग ने कहा कि जुब्बल-कोटखाई में जिन लोगों ने अपना पूरा जीवन देकर पार्टी को खड़ा किया और भाजपा को यहां तक पहुंचाया, लोग उन्हें ही मत देंगे इस बात को लेकर किसी को कोई संशय नहीं है।

इस वीडियो को इसलिए वायरल किया जा रहा है कि अनुराग ठाकुर अपरोक्ष रूप से चेतन बरागटा को पक्ष में वोट डालने की बात कह रहे हैं। जुब्बल-कोटखाई में भाजपा को

खड़ा करने वालों में पूर्व विधायक नरेंद्र बरागटा के अलावा कौन थे? जब अनुराग मीडिया से वह यह सब बोल रहे थे उस समय उनके साथ भाजपा प्रत्याशी नीलम सरैक और भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश कश्यप भी मौजूद थे। अब चेतन बरागटा और भाजपा विरोधी लोग इस वीडियो को घर-घर पहुंचाने के काम में जुट गया है। इन उपचुनावों के लिए मतदान 30 अक्तूबर को होना है।

याद रहे 2017 के विधानसभा चुनावों में ठियोग हलके में पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने भी इसी तरह की बयानबाजी करते हुए कहा था कि 'अगर कमल हाथ से नहीं उखड़ता तो उसे दराटी से काट डालो।' 2017 के चुनावों में ठियोग से कांग्रेस का प्रत्याशी बेहद कमजोर था। वह वीरभद्र खेमे से भी नहीं था। कहा जाता है कि ऐसे में अपरोक्ष रूप से वीरभद्र सिंह ने माकपा प्रत्याशी राकेश सिंघा को समर्थन देने का इशारा कर दिया था। यहां से जीत भी सिंघा की ही हुई थी और कांग्रेस का तमाम मतदाता सिंघा की ओर सरक गया था। समझा जा रहा है कि अब अनुराग का ये इशारा पाकर भाजपा का मतदाता बागी चेतन बरागटा की ओर खिसक जाए तो आश्चर्य नहीं होना चाहिए।

## फिर डरा रहा कोरोना: एक दिन में चार संक्रमितों ने तोड़ा दम

शिमला, 28 अक्तूबर (जनसत्ता)।

प्रदेश में बढ़ रहे कोरोना के मामले और उससे होने वाली मौतों में इजाफा डरा रहा है। प्रदेश में पिछले 24 घंटों में कोरोना संक्रमण से चार मरीजों की मौत हो गई व प्रदेश में मरने वालों का आंकड़ा बढ़कर 3,729 तक पहुंच गया है। प्रदेश में गुरुवार को कोरोना संक्रमण के 213 नए मरीज सामने आए है। प्रदेश में सक्रिय मरीजों का आंकड़ा बढ़कर 1,956 तक पहुंच गया है और सबसे ज्यादा 824 सक्रिय मरीज जिला कांगड़ा में हैं।

स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक बीते रोज की तरह कागड़ा में आज भी सबसे ज्यादा 88 नए मरीज सामने आए है। इसके अलावा ऊना और हमीरपुर में 37-37, बिलासपुर में 21, मंडी में 11, शिमला में 8, कुल्लू में 6, चंबा में 4 और सोलन में 1 मामला सामने आया है। जबकि सिरमौर, किन्नौर और लाहौल स्पीति में एक भी मामला सामने नहीं आया।

प्रदेश में आज हुई चार मौतों में तीन मौतें सिर्फ कांगड़ा जिले में हुईं जबकि एक मौत मंडी जिले से है। कांगड़ा में 83 वर्षीय एक वृद्धा को स्वास्थ्य सबंधी कई दिक्कतें थी और कोविड न्यूमोनिया होने से उसे सांस लेने में दिक्कत होने लगी। जिसके चलते उसने दम तोड़ दिया। इसके अलावा कांगड़ा के एक 72 वर्षीय बुजुर्ग को कोविड न्यूमोनिया हो गया। उसे मधुमेह की बीमारी थी और वह कई तरह की दिक्कतों से जूझ रहा था। सांस में दिक्कत के चलते उसकी हालत बिगड़ती गई और उसने दम तोड़ दिया। कांगड़ा के ही एक और 65 वर्षीय पुरुष कोविड न्यूमोनिया की चपेट में आ गया। वह भी कई तरह की दिक्कतों के साथ डाइबेटिक फुट से पीड़ित था। संक्रमण से उसकी हालत बिगड़ती गई और उसकी मौत हो गई।

इसके अलावा मंडी में एक 67 वर्षीय पुरुष को कोविड न्यूमोनिया हो गया। उसे अचानक कार्डिएक अरेस्ट आया और उसे सांस लेने में दिक्कत के चलते उसने भी दम तोड़ दिया। कांगड़ा में कोरोना संक्रमण से मरने वालों का आंकड़ा 1,122 तक पहुंच गया है।

## मंडी-कुल्लू मार्ग पर चट्टानों की चपेट में आई टाटा 407, चालक की मौत

मंडी, 28 अक्तूबर (जनसत्ता)।

मंडी -कुल्लू नेशनल हाइवे पर पहाड़ी से भारी चट्टानें आ जाने से एक टाटा 407 के चपेट में आ जाने से चालक की मौत हो गई।

पुलिस अधीक्षक मंडी शालिनी अग्निहोत्री ने बताया कि यह हादसा गुरुवार शाम के वक्त पेश आया जब चार मील के पास फोरलेन के कार्य हेतु की जा रही कटिंग से एक बड़ी चट्टान अचानक नीचे आ गिरी जिससे नीचे से गुजर रही टाटा 407 इसकी चपेट में आ गई। गाड़ी का



अगला हिस्सा चट्टान गिरने से चूर-चूर हो गया और चालक की मौके पर ही मौत हो गई।

पुलिस व स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने मौके पर जाकर राहत कार्य को अंजाम दिया व शव को कब्जे में लेकर उसे अस्पताल ले जाया गया।

पुलिस मामला दर्ज करके आगे की जांच कर रही है। मृतक के बारे में सूचना एकत्रित की जा रही है।

**पंजाब केमिकल्स एंड क्रॉप प्रोटेक्शन लिमिटेड**
सीआइएन: L24231PB1975PLC047063
पंजी. कार्या.: 18, अंबाला-कालका रोड, गांव व डाकखाना भंकारपुर, डेराबस्सी, जिला मोहाली- 140201,
टेली: 01762-280086, 522250, ई-मेल: info@punjabchemicals.com,
वेबसाईट: www.punjabchemicals.com

**सूचना**

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि कम्पनी को कम्पनी के निम्नलिखित शेयरधारकों से निवेदन प्राप्त हुआ है कि उनके शेयर प्रमाण पत्र गुम हो गए तथा नीचे दिए विवरण अनुसार उसका डुप्लिकेट शेयर प्रमाण पत्र जारी करने का निवेदन प्राप्त हुआ है।

| फोलियो नं. | शेयर धारक का नाम | शेयरों की सं. | शेयर प्रमाण पत्र की सं. | डिस्टिंक्टिव नं. |
|---|---|---|---|---|
| 26670 | किरण बंसल | 33 | 53741 | 4399321-4399353 |
| सी-113 | चंदा रंजीत | 65 | 8739<br>15426 | 768213-768227<br>1061511-106560 |

उपरोक्त निवेदन पर किसी को आपत्ति होने पर, इस सूचना के प्रकाशन से 15 दिनों के अन्दर प्रमाण के साथ कम्पनी से सम्पर्क करना चाहिए। अन्यथा, डुप्लिकेट शेयर प्रमाण पत्र जारी कर दिया जाएगा।

ह./-
( सीएस रिशु चेटली )
सहायक कंपनी सचिव

स्थान: डेराबस्सी
दिनांक: 28.10.2021

## चुनाव परिणाम देश, प्रदेश में भावी राजनीति की दिशा व दशा करेगा तय: प्रतिभा

### कहा, भाजपा व मोदी सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ करें मतदान

शिमला, 28 अक्तूबर (जनसत्ता)।

मंडी ससंदीय क्षेत्र से चुनाव लड़ रही कांग्रेस प्रत्याशी प्रतिभा सिंह ने आज, गुरुवार को रामपुर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं से कहा कि यह चुनाव परिणाम देश और प्रदेश में भावी राजनीति की दिशा व दशा तय करेगा। उन्होंने प्रचार के दौरान लोगों से मिले जन समर्थन पर आभार प्रकट करते हुए कहा है कि लोकतंत्र के इस पर्व में सभी मतदाताओं को अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते हुए भाजपा व मोदी सरकार की जन विरोधी नीतियों व निर्णयों के खिलाफ अपना वोट करना है।

अपने निवास स्थान रामपुर में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ एक संवाद में प्रतिभा सिंह ने कहा कि यह चुनाव एक तरफ भाजपा के धनबल और दूसरी तरह कांग्रेस के जनबल के बीच हो रहा है। उन्होंने कहा कि हमेशा ही जनबल, धनबल पर भारी पड़ा है। भाजपा अपनी हार देखकर पूरी तरह बौखलाहट में है।

प्रतिभा ने पार्टी कार्यकर्ताओं के मनोबल की प्रशंसा करते हुए कहा कि मतदान तक इस मनोबल में कोई भी कमी नही होनी चाहिए। भाजपा कोई भी षड्यंत्र रचते हुए लोगों को गुमराह करने का प्रयास कर सकती है। उन्हें भाजपा के किसी भी षड्यंत्र को सफल नहीं होने देना है। उन्होंने बूथ पदाधिकारियों से अपने अपने बूथ पर भाजपा के मतदाताओं पर किसी भी दवाब पर कड़ी नजर रखने को कहा।

उन्होंने कहा कि 'रामपुर बुशैहर पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह की जन्मस्थली व मड़ी संसदीय क्षेत्र कर्मस्थली रही है। आज भले ही वीरभद्र सिंह उनके बीच नही है पर उनका आशीर्वाद हमेशा उनके साथ रहेगा। उन्होंने कहा कि जो प्यार और स्नेह का पथ वीरभद्र सिंह ने उन्हें दिखाया है वह सदैव उस का अनुसरण करते हुए ताउम्र उनकी व प्रदेश की सेवा के प्रति समर्पित रहेंगी।'

प्रतिभा ने कहा कि आज बढ़ती महंगाई व बेरोजगारी दो ऐसे मुद्दे है जिनपर लोगों को सरकार के खिलाफ अपना मत देना है। कोरोना के इस काल मे प्रदेश सरकार ने किसी भी वर्ग को न तो कोई राहत ही दी और न ही उन्हें कोई सहायता। आज प्रदेश में पिछले दो सालों से पर्यटन व्यवसाय पूरी तरह ठप पड़ा है। इससे जुड़े ट्रांसपोर्टर व अन्य कारोबारियों को बैंकों के दवाब का सामना करना पड़ रहा है। सरकार ने किसी को भी कोई राहत नही दी है। उन्होंने कहा कि यह उपचुनाव बहुत ही महत्वपूर्ण है और उनकी जीत भाजपा की आंख व कान खोलने के लिये बहुत ही जरूरी है।

## एक किलो चरस समेत नेपाली गिरफ्तार

कुल्लू, 28 अक्तूबर (जनसत्ता)।

जिला कुल्लू के मलाणा के समीप पुलिस ने नेपाली से एक किलो 65 ग्राम चरस बरामद कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। इस शख्स की पहचान नेपाल निवासी मदन साही के रूप में हुई है। मणिकर्ण चौकी से पुलिस टीम ने राशी नामक जगह पर नाका लगा रखा था। तभी सड़क मार्ग होते हुए एक नेपाली व्यक्ति पैदल आ रहा था।

पुलिस को देख वह घबरा गया। इसी आधार पर पुलिस ने रोका और उसकी तलाशी तो कब्जे से एक किलो 65 ग्राम चरस बरामद हुई। पुलिस आरोपित को न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया पूरी कर रही है। मामले की पुष्टि पुलिस अधीक्षक कुल्लू गुरदेव शर्मा ने की है। उन्होंने बताया कि चरस कहां से लाई और कहां ले जाने की योजना थी इसकी जांच की जा रही है।

## उपचनुाव के लिए मतगणना पर्यवेक्षक तैनात

शिमला, 28 अक्तूबर (जनसत्ता)।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी सी पालरासु ने बताया कि मंडी लोकसभा क्षेत्र तथा फतेहपुर, अर्की और जुब्बल-कोटखाई विधानसभा क्षेत्रों के उप-निर्वाचन के दृष्टिगत मतगणना पर्यवेक्षकों की नियुक्ति कर दी गई है।

उन्होंने बताया कि मंडी लोकसभा क्षेत्र के उप-निर्वाचन के लिए 11 मतगणना पर्यवेक्षक तैनात किए गए हैं। इसके अतिरिक्त फतेहपुर, अर्की और जुब्बल-कोटखाई विधानसभा क्षेत्रों के उप-निर्वाचन के लिए तीन मतगणना पर्यवेक्षक तैनात किए गए हैं। इन तीनों विस निर्वाचन क्षेत्रों में तैनात सामान्य पर्यवेक्षकों को ही मतगणना पर्यवेक्षक का भी दायित्व दिया गया है। मतगणना कार्य पूर्ण करने के लिए मंडी संसदीय क्षेत्र में स्थापित विभिन्न मतगणना केंद्रों में 125 मतगणना टेबल तथा निर्वाचन अधिकारी और सहायक निर्वाचन अधिकारी के 19 टेबल लगाए जाएंगे।

## 'नगवाई छोड़ अपने गृह बूथ छिपणू से कांग्रेस को बढ़त दिला कर दिखाए'

मंडी, 28 अक्तूबर (जनसत्ता)।

कांग्रेस के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं आठ बार द्रंग से विधायक रह चुके कौल सिंह ठाकुर की चुनौती का जवाब अब भाजपा के द्रंग से विधायक जवाहर ठाकुर ने दिया है। उन्होंने कहा है कि 'वह नगवाईं को छोड़ें, अपने गृह बूथ छिपणू से यदि कांग्रेस को बढ़त दिला सकें तो मान जाएंगे और यदि नहीं दिला पाए तो अपना राजनीतिक बोरिया बिस्तर बांध लें क्योंकि ऐसा ही होगा।'

कौल ने कहा था कि यदि भाजपा के उम्मीदवार खुशाल ठाकुर के गृह नगवाईं बूथ से कांग्रेस को बढ़त नहीं मिलेगी तो वह राजनीति से सन्यास ले लेंगे। जवाहर ने कहा कि जैसे पिछले दो लोस चुनावों 2014 व 2019 में उनके गृह बूथ छिपणू से भाजपा को बढ़त मिलती रही है वैसे ही अब भी मिलेगी। उन्होंने कहा कि 2014 में कौल सिंह ठाकुर के गृह मतदान केंद्र छिपणू में कांग्रेस की प्रतिभा सिंह को 184 व भाजपा के रामस्वरूप शर्मा को 223 वोट मिले थे जबकि 2019 में कांग्रेस के आश्रय शर्मा को छिपणू केंद्र में 144 जबकि भाजपा के रामस्वरूप शर्मा 360 वोट मिले थे।

जवाहर ने कहा कि कांग्रेस के पूर्व विधायक व नेता बिग्रेडियर खुशाल के बारे में उलटा-सीधा ब्यान दे रहे हैं जबकि सच्चाई यह है कि लगातार दो बार से कांग्रेस का उम्मीदवार उनके गृह बूथ से बुरी तरह से पिटता आ रहा है।

## लाहौल स्पीति जिप पर दो दशक बाद कांग्रेस का कब्जा

कुल्लू, 28 अक्तूबर (जनसत्ता)।

आखिरकार दो दशक बाद ही सही जनजातीय जिला लाहौल स्पीति में जिला परिषद की अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के पद पर कांग्रेस ने बाजी मारी है। अनुराधा राणा अध्यक्ष और राजेश शर्मा को उपाध्यक्ष बनाया गया है।

इस ताजपोशी पर पूर्व विधायक रवि ठाकुर, पूर्व विधायक रघुवीर ठाकुर, कांग्रेस के जिला अध्यक्ष गयल्सन ठाकुर, पूर्व जिला अध्यक्ष नोरबू बोध, पूर्व उपाध्यक्ष राजेंद्र करपा, महिला अध्यक्ष शशि किरण, प्रदेश किसान कांग्रेस कमेटी के संयोजक एव जिला प्रवक्ता अनिल सहगल, उदयपुर ब्लॉक अध्यक्ष सशील, केलंग ब्लाक अध्यक्ष रमेश कुमार, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष नोरबू पांस, डीसीसी महा सचिव नोरबू थोलाकपा, संजय कटोच ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी है।

गौर रहे कि कांग्रेस ने जिला परिषद की 10 में से छह सीटें पर कब्जा किया था जबकि भाजपा महज चार सीटों पर ही सिमट गई। हालांकि भाजपा ने स्पीति उपमंडल की सभी तीन सीटों पर जीत दर्ज की थी लेकिन लाहौल में सात में से केवल एक ही वार्ड पर भाजपा चुनाव जीत पाई।

**ESCORTS FINANCE LIMITED**

ESCORTS FINANCE

Regd. Office: SCO – 64-65, 3rd Floor, Sector – 17A, Chandigarh – 160 017 | Phone: 0129-2564116
E-mail: escortsfinance@escorts.co.in | Website: www.escortsfinance.com | (CIN: L65910CH1987PLC033652)

EXTRACT OF STATEMENT OF STANDALONE UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND SIX MONTHS ENDED 30 SEPTEMBER 2021

| Sl.No | Particulars | Quarter ended 30.09.2021 (Unaudited) | Six Months ended 30.09.2021 (Unaudited) | Quarter ended 30.09.2020 (Unaudited) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Total income from Operations | 0.08 | 15.15 | 20.09 |
| 2 | Net Profit/(loss) for the period ( before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items) | (6.86) | 2.13 | 13.19 |
| 3 | Net Profit/(loss) for the period before Tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | (6.86) | 2.13 | 13.19 |
| 4 | Net Profit/(loss) for the period after Tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | (6.86) | 2.13 | 13.19 |
| 5 | Total comprehensive income for the period ( Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax) | (6.86) | 2.13 | 19.76 |
| | Equity Share Capital | | | |
| 6 | Paid-up Equity Share Captial (Face value of Rs.10/- each) | 4017.25 | 4017.25 | 4017.25 |
| 7 | Other Equity (excluding revaluation reserve) as shown in the audited balance sheet of previous year | - | - | - |
| 8 | Earnings per share (of Rs.10/- each) for the period ( not annualised): Basic & Diluted (Rs) | (0.017) | 0.005 | 0.033 |

Notes:-
1 The above Standalone Financial Results were reviewed by the Audit Committee and were thereafter approved by the Board of Directors at their meeting held on 27 October 2021.
2 M/s Escorts Benefit Trust (EBT) in terms of the directions of Hon'ble Delhi High Court to repay the unpaid fixed deposit liability, maintains adequate funds to repay the matured unpaid fixed deposit liability. During the quarter ended on 30 September 2021, EBT has settled the claims to the extent of Rs.3.31 lacs by repayment to respective fixed deposit holders. The remaining liability towards unclaimed fixed deposits and interest thereon is Rs. 1056.87 lacs as on 30 September 2021 (Rs.1060.18 lacs as on 30 June 2021).
3 Response to auditor's qualifications on the financial results for the quarter and six month ended 30 September 2021.
(a) Remaining liabilities towards unclaimed matured fixed deposit and interest thereon is Rs.1056.87 lacs as on 30 September 2021 and the same is pending for deposit in Investor Education & Protection Fund.
Complete facts have been disclosed in Note 2 above which is self explanatory and does not call for any further comments.
4 The above is an extract of the detailed format of Quarterly Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly & Year to date Financial Results are available on the Stock Exchange's website www.bseindia.com and on the Company's website www.escortsfinance.com.

By Order of the Board
For Escorts Finance Limited
Sd/-
Rajeev Khanna
Whole Time Director
DIN 08471497

Place: Faridabad
Date: 27 October, 2021

## 'धूमल सरकार में मिले छोले बीस सीटियों के बावजूद नहीं थे गलते'

# भवानी ने धूमल के खिलाफ मोर्चा खोल दी मुसीबत को दावत

सुभाष मेहरा
धर्मशाला, 28 अक्तूबर।

हमीरपुर की मांद में बैठे भाजपा के सबसे बड़े क्षत्रप प्रेम कुमार धूमल के खिलाफ अंतिम दौर की कांग्रेस की प्रचार रैली में कथित भ्रष्टाचार का मोर्चा खोल कर कांग्रेस के भवानी सिंह पठानिया ने मुसीबत को दावत दे दी है। इससे पहले धूमल परिवार के साथ दिवंगत सुजान सिंह पठानिया के साथ करीबी रिश्तेदारी को प्रचारित कर बेटा भवानी धड़ेबंद भाजपाईयों की किसी अंदरुनी 'मदद' की आस में थे। परंतु मंगलवार की रैली के दौरान मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर की सरकार पर हल्ला बोलने के चक्कर में एकाएक भवानी की जुबान जो फिसली उसने धूमल को भी घेर लिया। भवानी ने भाजपाई सरकार के दौरान सरकारी दुकानों में घटिया नमक को लेकर कहा कि 'धूमल सरकार में मिले छोले बीस सीटियों के बावजूद भी कुकर में गलने में नही आते थे।' नतीजतन माना जा रहा है सार्वजनिक मंच से धूमल पर हुए हमले से मैदान में जुटी धूमल सेना को छोटे पठानिया ने अपने ही खिलाफ कर लिया है।

याद रहे धूमल के चौतरफा घूमने वाली भाजपा ने उन्हें मंडी संसदीय, अर्की, जुब्बल-कोटखाई के अलावा फतेहपुर विधानसभा हलके की उपचुनावी जंग में कांग्रेस के साथ दो-दो हाथ करवाने के बजाए घर बिठा रखा है। मगर धूमल-पठानिया के बीच नातेदारी को लेकर भाजपा में दुनिया जहान के अंदरुनी ताने झेलने के बावजूद धूमल के इलाकाई सूबेदारों से लेकर लेफ्टिनेंट जनरल तक ने बलदेव ठाकुर की मोर्चेबंदी कर रखी है। जाहिर है, किसी तथाकथित 'मदद' की आस के बीच भवानी की बिगड़ी जुबान ने कुछ लोगों को बेकाबू बना दिया है।

### 'जिंदा हाथी लाख का, नकारा सवा लाख का'

सुजान सिंह 72 पार करने के बाद भी आखिर तक चुनावी दंगल में डटे रहे मगर सुशांत को एक्सपायरी डेट का नेता बताकर भवानी ने उनपर पहला हमला तो दूसरा धूमल पर किया। समर्थकों को धूमल की ओर से पार्टी हित में डटकर काम करने की हिदायतें है। माना जाता है कि पानी जब तक तक सिर से उपर न चला जाए धूमल जुबान खोलना पंसद नही करते मगर धूमल की सियासत को लेकर भवानी इस बात को भूल गए कि 'जिंदा हाथी लाख का तो नकारा सवा लाख का' होता है। अब निगाहें इस पर है कि वफादार भवानी से कैसे निबटेंगे?